NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष | www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-297, पृष्ठ: 12 | गुरुवार, 07 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या से बंगाल में उबाल



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले के पनिहाटी इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं पर देशी बम फेंके जाने से कम से कम पांच कार्यकर्ता घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी। यह हमला शुभेंदु अधिकारी के लंबे समय से निजी सहायक रहे चंद्रनाथ रथ की हत्या के कुछ घंटों बाद हुआ। पुलिस ने बताया कि यह घटना आधी रात के बाद पनिहाटी नगरपालिका के वार्ड नंबर 2 में दत्ता रोड पर हुई।

पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना स्थित मध्यमग्राम में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ (42 साल) की बुधवार रात 10.30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय चंद्रनाथ कोलकाता से मध्यमग्राम स्थित अपने घर स्कॉर्पियो से लौट रहे थे।

वह ड्राइविंग सीट के बगल में बैठे थे। उनके साथ ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति भी था। कोलकाता से करीब 20 किलोमीटर दूर डोलतला से मध्यमग्राम के बीच एक कार पीछे से आई और स्कॉर्पियो के सामने जाकर रास्ता रोक दिया। फिर एक बाइक पर हमलावर आया और स्कॉर्पियो की बाईं तरफ से 6 से 10 राउंड फायरिंग की। चंद्रनाथ को 4 गोलियां लगीं। इनमें दो गोलियां सीने से आर-पार हो गईं। एक गोली पेट में लगी। ड्राइवर बुद्धदेब बेरा को भी गोली लगी।

> मैं एक मां हूं। मैं नहीं चाहती कि उन्हें (दोषियों को) फांसी दी जाए। मैं चाहती हूं कि उन्हें उम्रकैद हो। उन्होंने यह इसलिए किया क्योंकि भाजपा सत्ता में आई है।
>
> मृतक चंद्रनाथ की मां

घटना के बाद हमलावर कार छोड़कर बाइक से फरार हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चंद्रनाथ को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ड्राइवर की हालत गंभीर है। भाजपा ने ळटउ पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

सुवेंदु अधिकारी ने पीए की हत्या को प्लान्ड मर्डर बताया है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि भाजपा बंगाल में गुंडों की सफाई का काम शुरू करेगी।

### साजिश का पता लगाएगी एसआईटी

सामने आई जानकारी के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। आईजी लेवल के अधिकारी एसआईटी को हेड करेंगें। जानकारी के अनुसार, एसआईटी में अलग-अलग जिलों, यूनिट के पुलिस अधिकारी और टीम शामिल रहेगी। ये टीम पूरे हत्याकांड की जांच करेगी और साजिश का पता लगाएगी। पुलिस का कहना है इस मामले में कई संदिग्ध हिरासत में है। हालांकि, फिलहाल मुख्य शुटर्स नही पकड़े गए है। पुलिस सूत्र के अनुसार, 3 लोकल हिस्ट्री शीटर से पूछताछ की जा रही है। इन 3 लोगों ने क्या इस हत्याकांड में मदद की थी? इसी बारे में पूछताछ की जा रही है। इस घटना से बंगाल की सियासत गरमा गई है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है लेकिन अब तक किसी बड़ी कामयाबी की खबर सामने नहीं आई है।

# सम्राट कैबिनेट में 32 मंत्री

## निशांत समेत 32 मंत्रियों ने ली शपथ, 4 महिलाओं को मिली जगह

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अगुआई वाली एनडीए की सरकार का आज विस्तार हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार भी सम्राट मंत्रिमंडल में शामिल हो गए हैं।

भाजपा के 15, जदयू के 13, एलजेपीआर के 2, हम का 1, आरएलएम का 1 को जोड़कर आज कुल 32 मंत्रियों ने शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के अलावा कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री और बिहार से जुड़े केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जीतनराम मांझी, रालोमो के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा आदि भी शामिल हुए।



### शपथ के बाद पीएम मोदी का रोड शो

बिहार में आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने पूरा आकार ले लिया। पटना के गांधी मैदान में नए मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना में भव्य रोड शो किया, जहां बड़ी संख्या में समर्थकों की भीड़ उमड़ी।

शपथ ग्रहण समारोह में कई वरिष्ठ और नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। श्रवण कुमार, विजय कुमार सिन्हा, दिलीप जायसवाल, निशांत कुमार और लेशी सिंह ने एक साथ शपथ ली। वहीं भगवान सिंह कुशवाहा, अरुण शंकर प्रसाद, मदन सहनी, संतोष सुमन और रमा निषाद ने भी एक साथ मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। सुनील कुमार, श्रेयसी सिंह, मो. जमा खान, नंद किशोर प्रसाद और इंजीनियर शैलेंद्र भी मंत्रिमंडल में शामिल हुए। इसके अलावा प्रमोद कुमार, श्वेता गुप्ता, मिथिलेश तिवारी, रामचंद्र प्रसाद, संजय कुमार सिंह, संजय कुमार और दीपक प्रकाश ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

### आपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ

## पीएम ने भारतीय सेना के साहस को किया सलाम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प को सलाम किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि एक साल पहले भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय बहादुरी का परिचय देते हुए पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आतंकवाद के खिलाफ कठोर नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के अटूट संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस अभियान ने भारतीय सेनाओं की पेशेवर क्षमता, तैयारी और आपसी समन्वय को दुनिया के सामने मजबूती से पेश किया। साथ ही यह भी दिखाया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत के प्रयासों ने देश की सुरक्षा को और मजबूत किया है। मोदी ने कहा कि एक साल बाद भी भारत आतंकवाद और उसे समर्थन देने वाले पूरे तंत्र को खत्म करने के अपने संकल्प पर पूरी मजबूती से कायम है।



# ‘हम उन्हें खत्म कर देंगे’

## शांतिवार्ता के बीच ट्रंप की ईरान को चेतावनी, कहा- नहीं बनने देंगे परमाणु हथियार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया संकट और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम उन्हें (ईरान को) खत्म कर देंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे। ट्रंप के अनुसार, फिलहाल स्थिति पूरी तरह उनके नियंत्रण में है। उन्होंने अमेरिकी नौसेना के काम की जमकर तारीफ की और उसे स्टील की दीवार जैसा बताया। ट्रंप ने कहा कि नौसेना ने ऐसी जबरदस्त घेराबंदी की है कि वहां से कोई भी पार नहीं जा पा रहा है। इस वजह से ईरान का सारा कामकाज ठप हो गया है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।



ट्रंप ने आगे कहा कि ईरान के लोग अब समझौता करने के लिए बहुत ज्यादा बेचैन हैं। अब यह देखना होगा कि क्या वे ऐसा समझौता कर पाते हैं जो अमेरिका को मंजूर हो। ट्रंप ने भरोसा जताया कि अगर वे अभी राजी नहीं होते हैं, तो उन्हें बहुत जल्द हमारी बात माननी ही पड़ेगी।

ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत अब खत्म हो चुकी है। उनके पास न तो विमान बचे हैं और न ही रडार या एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम। उनकी मिसाइलें भी पूरी तरह तबाह हो गई हैं। ट्रंप ने यहां तक कह दिया कि ईरान के सभी नेता मर चुके हैं, इसलिए अमेरिका यह जंग जीत चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले 44 घंटों में बहुत अच्छी बातचीत हुई है और इस बात की पूरी संभावना है कि जल्द ही कोई बड़ा समझौता हो जाए।

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव और युद्ध जैसी स्थिति के बीच अमेरिकी सेना ने बुधवार को एक ईरानी तेल टैंकर पर हमला कर दिया है। इस कार्रवाई के साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर समझौते का दबाव बढ़ाते हुए चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो बमबारी फिर से शुरू हो सकती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, यह हमला ओमान की खाड़ी में हुआ, जब एक ईरानी तेल टैंकर अमेरिकी नाकाबंदी को तोड़कर बंदरगाहों की ओर जाने की कोशिश कर रहा था।

# असम में 12 मई को होगा नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

## पीएम मोदी हो सकते हैं शामिल; मुख्य सचिव ने की पुष्टि

**दिसपुर।** असम नई सरकार शपथ ग्रहण समारोह 12 मई को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुवाहाटी के खानापारा में वेटनरी फील्ड में होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा और तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी हुई है, जिसमें पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) समेत अधिकारियों के साथ सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, प्रोटोकॉल और समन्वय पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। लेकिन उन्हें कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम जारी रखने



को कहा गया है।

भाजपा संसदीय दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को पर्यवेक्षक और नायब सिंह सैनी को सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 126 में से 102 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की है। जिसमें भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

# सीएम योगी बोले - अब नौकरी के लिए सिफारिश और अनैतिक दबाव की जरूरत नहीं पड़ती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 202 प्रोफेसर, रीडर, चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स (आयुष विभाग) तथा 272 अनुदेशक (व्यावसायिक शिक्षा विभाग और 7 नर्स, हॉस्टल वार्डन और कंपाउंडर (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौकरी पाने के लिए अब सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती है। आयुष विभाग में वेरीफिकेशन में थोड़ी देरी जरूर हुई है। आवेदन, परीक्षा से परिणाम तक किसी सिफारिश या अनैतिक दबाव की जरूरत नहीं पड़ी होगी। नीयत साफ, स्पष्ट नीति से परिणाम आने में देर नहीं लगती है। पिछले नौ साल में सरकार ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कोई सोचता भी नहीं था कि यूपी में नियुक्ति निष्पक्ष तरीके से होगी। हमने अलग-अलग आयोग को जवाबदेही के साथ काम दिया। तकनीक का बेहतर प्रयोग। किसी भी युवा के साथ कोई अन्याय न हो जिससे अब निष्पक्ष भर्ती होती है। पिछले 15 दिन में यह हमारा चौथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम है। 26 अप्रैल को 60 हजार पुलिस आरक्षियों की पासिंग आउट परेड। चार बड़ी नियुक्तियां हुईं। पिछले सप्ताह भी नियुक्ति पत्र दिया। आज यह चौथा कार्यक्रम है। आप का प्रदेश सरकार का हिस्सा बनने के लिए स्वागत है। सरकार की भी कुछ अपेक्षाएं होती हैं। जब योग्य और प्रतिभाशाली युवा हिस्सा बनते हैं तो गति और प्रगति दोनों बढ़ेगी। दोनों में बेहतर संबद्ध हैं। इसका परिणाम निष्पक्ष भर्ती है। पैसा लेकर भर्ती होती थी। नौजवाबनों का शोषण होता था। जाति, महजब, धर्म देखकर नियुक्ति होती थी। तो प्रतिभा हताश होकर पलायन करता था। यूपी की प्रगति बाधित होती थी। यूपी बीमारू राज्य बन गया था। यूपी अराजकता की ओर चला गया था। नौजवाबनों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था।

# कानपुर में नहर में गिरी यात्रियों से भरी बस, मची चीख-पुकार

**कानपुर।** अनियंत्रित बस रेलिंग तोड़ नहर में गिर गई है। बस में 19 लोग सवार थे, जिन्हें रेस्क्यू कर सीएचसी भेजा गया है। बस में सवार रहे सभी घायल लोग खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। दरअसल, डंपर की टक्कर से अनियंत्रित होकर बस, नहर में जा गिरी। डंपर की टक्कर के बाद बस चालक कूदकर भाग निकला और बस नहर में गिर गई। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से यात्रियों को रेस्क्यू किया गया। बता दें कि ये बस कर्मचारियों को लेकर कुढ़नी से रनियां जा रही थी। बस में सवार क्लीनर समेत सभी 19 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। ये घटना बिधनू थानाक्षेत्र के बिधनू रामगंगा नहर पुल का है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और गोताखोर मौके



पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। इस घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई। गनीमत रही कि अभी तक किसी की जान जाने की खबर नहीं आई है। गौरतलब है कि ये हादसा इतना भयानक था कि बस ने पहले डंपर से टक्कर के बाद सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ा और फिर सीधे नहर में समा गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की चीख-पुकार मच गई और घटनास्थल के पास मौजूद लोग तुरंत मदद करने के लिए दौड़ पड़े।

# यूपी में दो संदिग्ध आतंकी अरेस्ट, पाकिस्तानी गैंगस्टर के इशारे पर थी हमले की साजिश

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने एक बड़े आतंकी नेटवर्क का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी पाकिस्तान गैंगस्टरों और आईएसआई एजेंट के संपर्क में थे। आरोपी देश के संवेदनशील संस्थानों, पुलिस ठिकानों और सुरक्षाबलों पर हमले के साजिश रच रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में कुशीनगर निवासी कृष्णा मिश्रा (20) और बाराबंकी निवासी दानियाल अशरफ (23) शामिल है। एटीएस के मुताबिक दोनों संदिग्ध आतंकी



पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी, आबिद जट और हम्माद के संपर्क में थे, जो आईएसआई के इशारे पर काम कर रहे थे।

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन में पाकिस्तानी नंबर सेव मिले हैं। सोशल मीडिया के जरिए इनकी वीडियो कॉलिंग और वॉइस नोट्स के साक्ष्य भी मिले हैं। व्हाट्सएप ग्रुप कॉल के जरिए संदिग्ध विदेशी नंबरों से बातचीत कर देशविरोधी साजिशें रची जा रही थीं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दानियाल अशरफ ने एक अन्य राज्य के पुलिस स्टेशन की रेकी कर उसका वीडियो और लोकेशन पाकिस्तान स्थित गैंगस्टरों को भेजी थी। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की जानकारी भी साझा की गई थी। दानियाल ने आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए गैंगस्टरों से हथियार और पैसों की मांग भी की थी।

वहीं, कृष्णा मिश्रा के मोबाइल से ऐसे वीडियो और ऑडियो मिले हैं, जिनमें पाकिस्तानी एजेंटों द्वारा वदीर्धारी व्यक्ति को गोली मारने और उसका वीडियो भेजने का टास्क दिया गया था। उसके फोन में रेकी से जुड़े वीडियो भी बरामद हुए हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि इंस्टाग्राम के जरिए उनका संपर्क हुआ था, जहां उन्हें लालच दिया गया कि निर्देशों का पालन करने पर उन्हें हीरो बना दिया जाएगा। आरोपियों के पास से असलहा, कारतूस बरामद हुए। हैं।

दानियाल के पास से 9 एमएम पिस्टल और कारतूस, जबकि कृष्णा के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। एटीएस पता कर रही है कि आखिर ये हाथियार किसने उपलब्ध कराए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानियों के संपर्क में आए थे। आईएसआई एजेंट ने उनसे कहा था कि जो वह कह रहे हैं, करते जाओ, तो भारत में तुम्हें हीरो बना देंगे। पैसा भी खूब मिलेगा।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 07 मई, 2026


# मथुरा में पुलिस एनकाउंटर में दो बदमाश ढेर

## बावरिया गिरोह के थे दोनों सदस्य, 30 लाख का डाला था डाका

एनएनआई





**मथुरा** के सुरीर क्षेत्र में 30 लाख की डकैती करने वाले बावरिया गिरोह के दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। दोनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले थे और 23 अप्रैल को कारोबारी के घर हुई बड़ी वारदात में शामिल बताए गए हैं।

मथुरा के सुरीर थाना क्षेत्र के टैंटीगांव में बीती 23 अप्रैल की रात एक बड़े डकैती कांड को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं। यह मुठभेड़ बृहस्पतिवार सुबह हुई, जिसमें दोनों आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मारे गए बदमाशों की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी धर्मवीर उर्फ लंबू और अलवर निवासी राजेंद्र उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। दोनों कुख्यात बावरिया गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये नकाबपोश बदमाश 23 अप्रैल की रात टैंटीगांव में व्यवसायी अजय अग्रवाल के घर में घुस गए थे। उन्होंने घर में मौजूद लोगों को धमकाकर करीब 30 लाख रुपये की नकदी और जेवरात लूट लिए थे। इस घटना के बाद से ही पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी।

मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह इन दोनों वांछित अपराधियों को घेर लिया। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हुए और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। एसएसपी ने बताया कि व्यापारी के घर वारदात देने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई थी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दोनों घायल हुए। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। दोनों का लंबा आपराधिक इतिहास है। इस कार्रवाई के दौरान दो सिपाही भी घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, मारे गए दोनों बदमाशों का आपराधिक इतिहास काफी लंबा और गंभीर रहा है। धर्मवीर उर्फ लंबू, जो राजस्थान के भरतपुर का निवासी था, पर विभिन्न थानों में डकैती, लूट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज थे। उसके खिलाफ राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई थानों में करीब 16 मामले दर्ज थे, जिनमें कई में वह वांछित चल रहा था। इसी तरह, राजेंद्र उर्फ पप्पू, जो अलवर का रहने वाला था, पर भी कई वर्षों से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। उसके खिलाफ भी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के थानों में डकैती, लूट और आर्म्स एक्ट के तहत करीब 11 मामले दर्ज थे। दोनों ही बदमाश बावरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य माने जाते थे, जो अपनी क्रूरता और संगठित अपराध के लिए कुख्यात है।

## फिरोजाबाद में हाइवे पर सड़क हादसे में दो युवको की मौत

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** टूंडला थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जरौली कट के पास हाईवे पर गैस सप्लाई वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी थी। मृतकों में जलेसर के ब्लॉक प्रमुख अशोक यादव का भतीजा भी शामिल है।

एटा जनपद के सकरौली थाना क्षेत्र के नगला गंगा, सहानगर टिमरुआ निवासी देवेंद्र यादव उर्फ देवा (28) पुत्र हरिओम यादव अपने दो साथियों के साथ घूमने निकले थे। रात में जरौली कट से आगे नवाब होटल से करीब 200 मीटर दूर उनकी बाइक एक तेज रफ्तार गैस सप्लाई वाहन की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे में देवेंद्र यादव उर्फ देवा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उनके साथ घायल हुए एटा के काजीपुर बदनपुर निवासी गेंदालाल यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव को परिजन और पुलिस आगरा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी भी मौत हो गई। तीसरे साथी के घायल होने की सूचना है, जिसका उपचार चल रहा है।

घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना टूंडला पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त गैस वाहन को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और चालक से पूछताछ कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक देवेंद्र यादव उर्फ देवा की शादी करीब सात साल पहले हुई थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा पांच साल की बेटी और दो साल का बेटा है। गेंदालाल यादव भी अपने परिवार के एकमात्र सहारा थे। देवेंद्र के जलेसर ब्लॉक प्रमुख अशोक यादव के भतीजे होने के कारण हादसे की सूचना मिलते ही राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के कई लोग शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।



## तेज हवा के साथ बारिश

**हाथरस** एनएनआई। आज सुबह मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं, जिसके बाद हल्की बारिश हुई। इस बदलाव से लोगों को सुबह की गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। आज शहर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवाएं 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं। करीब आधे घंटे तक हल्की बारिश जारी रही। बारिश से बचने के लिए लोगों ने छाता आदि का सहारा लिया। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चे भीगते हुए या छाते लेकर स्कूल पहुंचे।

## फिरोजाबाद में नवागत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने संभाला कार्यभार

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** प्रशासनिक स्तर पर एक नई शुरूआत हुई, जब नवागत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने औपचारिक रूप से जनपद का कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि जनसुनवाई, कानून व्यवस्था और सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना उनकी शीर्ष प्राथमिकता रहेगी।

मीडिया से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनसुनवाई प्रणाली को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। फिरोजाबाद की आर्थिक स्थिति पर बात करते हुए उन्होंने विशेष रूप से आलू उत्पादन और कांच उद्योग का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जनपद में बड़ी मात्रा में आलू की खेती होती है, जिसे देखते हुए फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया जाएगा। इससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके अलावा, उन्होंने फिरोजाबाद के प्रसिद्ध कांच उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की बात कही।

# सैकड़ों लोगों से धोखाधड़ी कर भागा इनामी डौकी से गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** हरिद्वार में चिट फंड के नाम पर सैकड़ों लोगों से धोखाधड़ी कर भागे 50 हजार के इनामी देवेंद्र प्रकाश तिवारी को यूपी-उत्तराखंड एसटीएफ ने बुधवार रात डौकी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। वह गांव नदौता में अपने एक परिचित से मिलने आया था। तभी एसटीएफ को सूचना मिल गई। घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। उसकी आठ साल से तलाश की जा रही थी। उसे जल्द हरिद्वार लेकर जाया जाएगा।



देवेंद्र प्रकाश कानपुर के थाना नौबस्ता स्थित आवास विकास कॉलोनी के हंसपुरम का रहने वाला है। उसके खिलाफ हरिद्वार के ज्वालापुर थाने में वर्ष 2018 में धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज हुई थी। एसटीएफ कानपुर को उसकी लोकेशन लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मिली थी। इस पर उत्तराखंड एसटीएफ के साथ घेराबंदी की गई।

आरोपी डौकी के गांव नदौता में मिल गया। उसने बताया कि वर्ष 2006 से 2009 के बीच वो जीसीए कंपनी में डिस्ट्रीब्यूटर था। वह आयुर्वेदिक उत्पाद बेचने का काम करता था। परिचित अनिल कुमार ने शिवम शीतगृह के नाम से एक फर्म बनाई तो अनिल और उसकी पत्नी सरोज तिवारी निदेशक बन गए।

वर्ष 2010 में शीतगृह का नाम बदलकर धेनू ग्रीन गार्डन मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड कर दिया। इसमें देवेंद्र तिवारी को भी निदेशक बनाया गया। कंपनी वर्ष 2011 तक चलने के बाद बंद कर दी गई। इस पर धेनू ग्रीन इंडिया के नाम से दूसरी कंपनी बना ली। इसका कार्यालय ज्वालापुर, हरिद्वार में खोला था।

वर्ष 2012 में धेनू विज्ञान अनुसंधान संस्थान के नाम से एनजीओ संचालित करने लगे। यह 2017 तक चला। इसमें निवेश के नाम पर लोगों को लाभ के बारे में बताया गया। मगर लोगों को फायदा नहीं दे सके। इस पर प्राथमिकी दर्ज हुई। वह स्थान बदल-बदलकर रह रहा था। एसटीएफ ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद डौकी पुलिस के हवाले कर दिया। उसे उत्तराखंड ले जाया जाएगा।

## हार्ट अटैक से सेना के जवान की मौत, अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

एनएनआई

**आगरा।** गांव बरौली अहीर निवासी सेना के जवान हवलदार सतेंद्र कुमार यादव (53 वर्ष) का कोयंबटूर में हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर बुधवार को गांव लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सतेंद्र यादव पुत्र स्व घमंडी लाल यादव का निधन सोमवार को हुआ था। उनके परिवार को मंगलवार सुबह इसकी सूचना मिली, सूचना मिलते ही परिजन कोयंबटूर रवाना हो गए थे।

बुधवार को जब उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ गांव पहुंचा, तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आसपास के लोग भी अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मृतक के बड़े बेटे सचिन यादव ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार से पूर्व बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। जवानों की टुकड़ी ने शोक शस्त्र की रस्म अदा कर जवान को अंतिम सलामी दी। इस दौरान भारत माता की जय और सतेंद्र यादव अमर रहे के नारे भी लगाए गए।

मृतक 2016 में डीएससी के पद पर सेना में भर्ती हुए थे। अंतिम संस्कार में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ ही ग्रामीण मौजूद रहे। मृतक सतेंद्र अपने पीछे पत्नी निशा और दो बेटे सचिन 23 वर्ष और विशाल 20 वर्ष को छोड़ गए हैं। दोनों बेटे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। बड़ा बेटा सचिन बी-टेक कर रहा है। वहीं, छोटा बेटा विशाल ग्रेजुएशन कर रहा है।

## नकली की आशंका पर 27 किलो घी जब्त, जांच के लिए भेजे नमूने; खाद्य विभाग ने इन प्रतिष्ठानों पर मारा छापा

एनएनआई

**आगरा।** खाद्य विभाग की टीम ने नकली की आशंका पर 27 किलो घी जब्त किया है। सरसों का तेल, रिफाइंड समेत अन्य खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच को लैब भेजे हैं। इसकी कीमत 15 हजार रुपये से अधिक है। नमूने फेल पाए जाने पर इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि डिफेंस कॉलोनी बुंदू कटरा स्थित फर्म पर छापा मारा। यहां संचालक सुदेश



अग्रवाल मिले। यहां 14 किलो घी मिलावटी-नकली प्रतीत होने पर इसे सीज कर दिया है। इसकी कीमत 8400 रुपये है। माल का बाजार स्थित आशीष ट्रेडर्स के यहां 13 किलो घी मिला। इसके भी नकली-मिलावटी की आशंका है। इसको भी सीज कर दिया है। इसकी कीमत 7215 रुपये है।

इसके अलावा विभिन्न प्रतिष्ठानों से सरसों के तेल, रिफाइंड पामोलिन ऑयल, राइस ब्रान ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन और घी के 14 नमूने लिए हैं। इनकी प्रयोगशाला में जांच कराई जा रही है। सहालग को देखते हुए शासन ने विभाग को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस पर सहायक आयुक्त खाद्य ने छह टीमें बनाई हैं। प्रत्येक टीम में 4-5 सदस्य हैं। इसकी रिपोर्ट शासन को भी भेजी जा रही है। खासतौर पर घी और तेल की जांच की जाएगी।

## आगरा पुलिस की तत्परता से 2 घंटे में मिला खोया मोबाइल, युवक ने जताया आभार

एनएनआई

**आगरा।** आगरा पुलिस की मुस्तैदी और स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम की सक्रियता के चलते महज 2 घंटे के भीतर एक व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल बरामद कर लिया गया।

बुधवार दोपहर 3:00 बजे सतीश सिंह पुत्र मोहर सिंह, निवासी बिजोली थाना माता बसैया, जिला मुरैना (मध्य प्रदेश), मथुरा से आगरा आ रहे थे। इसी दौरान उनका मोबाइल फोन वाहन में ही छूट गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आगरा स्मार्ट सिटी के सीसीटीवी



कैमरों की मदद से मोबाइल को ट्रैक किया और मात्र 2 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। मोबाइल मिलने पर सतीश सिंह ने आगरा पुलिस का आभार व्यक्त किया और पुलिस की तत्परता की सराहना की। टीम में उपनिरीक्षक नीरज कुमार, थाना सिकंदरा, आरक्षी संदीप चौधरी, स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आम जनता की सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस हर समय तत्पर है।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# सुन लो कान खोलकर, हम आ रहे हैं थाने पर..

## सिस्टम सुधार संगठन ने पुलिस कार्रवाई को बताया 'तानाशाही'

एनएनआई

**एत्मादपुर।** आगरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (हाइवे) पर ओवरब्रिज के निर्माण की मांग और प्रीपेड स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याओं को लेकर संवाई से चक्काजाम करने निकले प्रदर्शनकारी जुलूस को बरहन रोड पर बैरियर लगाकर रोकने पर दिए गए धरने के बाद इलाका पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई को सिस्टम सुधार संगठन ने तानाशाही बताते हुए थाना घेराव का ऐलान किया है।



बरहन रोड पर बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन करने के केस में पांच नामजद, 25-30 अज्ञात शामिल

रहनकलां टोल पर प्रदर्शन करने वाले सपाइयों पर भी मुकदमा

बुधवार को संगठन के अध्यक्ष अंशुमान ठाकुर ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अपनी पोस्ट में कहा ₹फर्जी तथा गलत तरीके से अलग-अलग जगहों के किसानों पर थाना एत्मादपुर द्वारा दर्ज किए गए मुकदमों के खिलाफ अब होगी आर-पार की लड़ाई।₹ उन्होंने आगे लिखा है ₹अबकी बार पुलिस-प्रशासन तैयार रहे, हम आ रहे हैं थाने पर, बहुत जल्द तुम्हारी तानाशाही के खिलाफ, अब आंदोलन और तेज होगा।₹ मुकदमों से डरेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं-कभी नहीं। ₹सुन लो, सब कान खोलकर, हम किसानों और गरीबों की लड़ाई तब तक लड़ेंगे, जब तक सांसें चलेंगीं।₹ उन्होंने पुलिस कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए थाने पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

गौरतलब है कि बीती 30 अप्रैल को प्रीपेड स्मार्ट मीटर हटाने और हाइवे के बरहन तिराहे पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर सिस्टम सुधार संगठन ने संवाई गांव से एनएच-19 पर क्षेत्रीय ग्रामीण और किसानों के साथ चक्काजाम करने को कूच किया था। लेकिन इलाका पुलिस ने संवाई गांव से आगे बढ़ने पर रेलवे मालगाड़ी फ्रेट कारीडोर के अंडरपास के निकट सभी प्रदर्शनकारियों को बैरियर एवं हाइड्रा लगाकर रोक दिया था, जिसके बाद प्रदर्शनकारी बरहन रोड पर धरना देने बैठ गए थे। इस मामले में पुलिस ने उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह की तहरीर पर संगठन अध्यक्ष अंशुमान ठाकुर, हुकुम सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह, पवन सिसौदिया और एमएस ठाकुर उर्फ मोनू समेत पांच नामजद और 25-30 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 189, 285, 292 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

प्रदर्शन में संगठन कार्यकताओं के अलावा सपा-बसपा के प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं संग ग्रामीण जनप्रतिनिधि भी शामिल थे। इस बीच संगठन के अध्यक्ष की बुधवार की शाम थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह से हुई वार्ता बेनतीजा रहने पर आज पुलिस आयुक्त से मुलाकात करने की बात कही गई है। इस मामले में किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि विधानसभा क्षेत्र का माहौल खराब करने के लिए पुलिस-मुकदमे लिखकर समस्या को हल नहीं कर सकती। अगर समस्याएं होंगी, तो आन्दोलन भी होंगें। सकारात्मक तरीके से अकोला की तरह संज्ञान लेकर यहां के मुकदमा भी समाप्त किए जाने चाहिए।

> पुलिस की ओर से संवाई और छलेसर के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ लिखे गए मुकदमों की वापसी के संबंध में वार्ता करने सिस्टम सुधार संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल आज गुरुवार को पुलिस आयुक्त दीपक कुमार से मुलाकात करने आगरा जाएगा।
>
> **अंशुमान ठाकुर, अध्यक्ष सिस्टम सुधार संगठन।**

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 07 मई, 2026


# जल जीवन मिशन के विकास कार्यों में तेजी लाने को डीएम ने दिए आदेश

### जिला पेयजल और स्वच्छता मिशन समिति की कैंप कार्यालय पर बैठक

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (फेज -4) के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(जल जीवन मिशन, हर घर नल से जल)समिति की कैंप कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना, आगरा (पैकेज-1 एवं पैकेज-2) के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा में सर्व प्रथम जिलाधिकारी के समक्ष अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा विस्तार से सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना, आगरा (पैकेज-1 एवं पैकेज-2) के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति को प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कार्यदाई कंपनी मैसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि०, मैसर्स एन०सी०सी० एपको (जे.वी.),मैसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेट, ने कार्य प्रगति संबंधी प्रजेन्टेशन दिया जिसमें




कुल पाइप लाइन डालने की प्रगति, ओवर हेड टैंक, सीडब्ल्यूआर आदि की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी द्वारा कार्यदाई कंपनी मैसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि०द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कार्य प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मैन पॉवर व संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कार्यदाई एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने टाइम लाइन के सापेक्ष कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री जुहैर बेग, अधिशासी अभियंता जल निगम अमित कुमार कटियार, सहायक अभियंता सिंचाई, डीपीआरओ मनीष कुमार,पीडी डीआरडीए श्रीमती रेणु कुमारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गोंड, सहित संबंधित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# औषधि विभाग की कार्रवाई से दवा बाजार में मचा हड़कंप

- नामी दवा कंपनी ने अपने ब्रांड के नाम पर नकली दवाएं बाजार में बेचे जाने की शिकायत दर्ज कराइ

एनएनआई

**आगरा।** दवा मार्केट फव्वारा में नकली दवाओं की शिकायत पर औषधि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय के अनुसार एक नामी दवा कंपनी ने अपने ब्रांड के नाम पर नकली दवाएं बाजार में बेचे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी के आधार पर औषधि निरीक्षक नवनीत यादव और नीलेश शर्मा की टीम ने कम्मू टोला स्थित श्री मेडिकल एजेंसी पर छापा मारा।

श्री मेडिकल एजेंसी पर पड़े छापे में करीब छह घंटे तक रिकॉर्ड खंगाले गए, जहां बिल और भंडारण में गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं। संचालक जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा सके, जिस पर कई दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे गए। एहतियातन एजेंसी की दवाओं की खरीद-बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई है। कार्रवाई के दौरान टीम ने कंप्यूटर रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर और खरीद-बिक्री के बिलों की गहन जांच की। मिलान करने पर कई एंट्रियों में अंतर मिला, जिससे अनियमितताओं की पुष्टि हुई।

जांच के दौरान पेट दर्द, एलर्जी, हड्डी रोग और अन्य मर्ज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं संदिग्ध पाई गईं। इनमें ऑक्सालजिन डीपी के चार सैंपल, जबकि सेटिजन और प्रीमोल्ट एन के एक-एक सैंपल लेकर उन्हें सील किया गया और प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिया गया है। मौके पर मौजूद संचालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर विस्तृत रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।अधिकारियों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूरी कार्रवाई देर शाम तक जारी रही, जिससे दवा बाजार में हड़कंप मच गया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में आगरा को नंबर वन बनाना पहली प्राथमिकता-नगरआयुक्त

### नवागत नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने कार्यभार संभाला



एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम के नवागत नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने कार्यभार संभाल लिया।संतोष कुमार वैश्य वर्ष 2017 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे गाजीपुर में मुख्य विकास अधिकारी थे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद कार्यालय का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को नंबर वन बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही आमजन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा, शासन द्वारा संचालित सभी प्राथमिकता वाली योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना उनकी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने आईजीआरएस से प्राप्त समस्याओं को प्राथमिकता और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर भी बल दिया उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ करें, ताकि शहरवासियों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। नगर आयुक्त ने हिदायत दी कि वे लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने टीम वर्क पर जोर देते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे शहर के विकास और स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिला चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग का प्रतिनिधिमंडल

- फूड प्रोसेसिंग व फूड सेफ्टी मंत्रालय को एक करने का दिया सुझाव, यूपी में फूड पार्क की मांग
- जून में आगरा में होने वाले यूपी फूड एक्सपो 2026 के पोस्टर का किया विमोचन, मुख्य अतिथि बनने का दिया आश्वासन



एनएनआई

**आगरा।** चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष राजकुमार भगत के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में सचिव विकास चतुर्वेदी, सिद्धार्थ अग्रवाल, नितिन अग्रवाल (हाथरस), मुख्य सलाहकार मनीष अग्रवाल एवं एडमिनिस्ट्रेटर अपारक शर्मा शामिल थे। संगठन की ओर से श्री भगत ने केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने 14-15-16 जून 2026 को आगरा में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश फूड एक्सपो एंड कॉन्क्लेव 2026 के द्वितीय संस्करण के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने एक्सपो में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का आश्वासन दिया और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कहा कि शीघ्र ही कार्यक्रम में उपस्थिति की आधिकारिक सूचना भेजी जाएगी।

अध्यक्ष राजकुमार भगत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार एक जिला-एक व्यंजन के माध्यम से फूड प्रोसेसिंग को विशेष महत्व दे रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से यूपी में फूड पार्कों के निर्माण और नई यूनिटों को विशेष अनुदान देने की मांग रखी।

मुख्य सलाहकार मनीष अग्रवाल ने कहा कि यूपी विविध कृषि उत्पादन वाला प्रदेश है। मंत्रालय के विशेष सहयोग से सभी उत्पाद फूड प्रोसेसिंग और पैकेजिंग के माध्यम से उचित मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। निर्यात के क्षेत्र में भी यूपी में असीम संभावनाएं हैं।

सचिव विकास चतुर्वेदी ने सुझाव दिया कि मंत्रालय द्वारा उद्यमियों के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं को अंतिम रूप देने से पहले उद्योग संगठनों से विचार-विमर्श अवश्य किया जाए, ताकि योजनाएं व्यावहारिक बनें और सीधा लाभ व्यापारियों को मिले।

### जय-जय श्री राधे के जयकारों से गूंज उठा श्री अक्रूर मंदिर

# दीपों की ज्योति में झलकी आस्था

एनएनआई



**आगरा।** लखनपुर, शास्त्रीपुरम स्थित श्री अक्रूर मंदिर में नौ वां स्थापना दिवस समारोह दिव्य भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच अत्यंत भव्य रूप से संपन्न हुआ। फूलों से सजे भव्य बंगले, ठाकुर जी का मनोहारी श्रृंगार, गूंजते भजन और दीपों की अलौकिक आभा ने पूरे मंदिर परिसर को मानो एक आध्यात्मिक धाम में परिवर्तित कर दिया। छप्पन भोग, हवन-पूजन एवं दीप यज्ञ के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था अर्पित की और पूरे वातावरण में भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ठाकुर जी की पोशाक परिवर्तन की गई तथा सुंदर फूल बंगला सजाकर मंदिर को मनोहारी स्वरूप प्रदान किया गया। सजे-धजे ठाकुर के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और मंदिर परिसर जय-जय श्री राधे के जयकारों से गूंज उठा। ठाकुर जी को छप्पन भोग अर्पित किया गया। विविध व्यंजनों से सजे भोग ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और सभी ने श्रद्धा के साथ दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में हवन-पूजन एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री मंत्र के साथ सैकड़ों दीपों की ज्योति से मंदिर परिसर जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने दीपदान कर यज्ञ में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता दाऊदयाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री अक्रूर मंदिर केवल एक पूजा स्थल नहीं, बल्कि आस्था, संस्कार और सामाजिक एकता का सशक्त केंद्र है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने, नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराने और आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। समारोह में इं. एनसी गुप्ता , डॉ. अशोक वार्ष्णेय(होम्योपैथी), इं. पीएस गुप्ता, इंजी डी. सी वार्ष्णेय,संजीव बाबू गुप्ता, के.एम.गुप्ता (मीडिया प्रभारी) विनोद कुमार गुप्ता, कालीचरण गुप्ता, योगेश गुप्ता,कुलदीप वार्ष्णेय, आर.बी गुप्ता, लक्ष्मीनारायन वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय,दिनेश चन्द्र गुप्ता, पुलकित गुप्ता, मुनेंद्र वार्ष्णेय, प्राद चंद वार्ष्णेय, डॉ अशोक वार्ष्णेय (पोलीपैक), दीपक वार्ष्णेय, वार्ष्णेय महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय, सचिव रीनू वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष सीमा वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## माता ही बालक की होती है प्रथम गुरुःपारूल मिश्रा

### मां के स्नेह से संवरता बाल संस्कार मातृ सम्मेलन संपन्न




एनएनआई

**आगरा।** सरस्वती शिशु मंदिर, कमला नगर, कक्षा एल.के.जी. से द्वितीय तक के भैया-बहनों की माताओं के लिए एक भव्य मातृ सम्मेलन का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालकों के सर्वांगीण विकास में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पारुल मिश्रा ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता ही बालक की प्रथम गुरु होती है, जिसके संस्कार जीवनभर उसका मार्गदर्शन करते हैं।

विद्यालय के प्रबंधक मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने अपने उदबोधन में माताओं को विद्यालय की शिक्षण पद्धति एवं संस्कारात्मक शिक्षा से जुड़ने का आान किया। उन्होंने कहा कि घर और विद्यालय के समन्वय से ही बालक का समग्र विकास संभव है।

प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र उपाध्याय ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत एवं सम्मान किया तथा मातृ सम्मेलन की भूमिका को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करते हुए कहा कि मातृशक्ति के सहयोग के बिना शिक्षा अधूरी है।

इस अवसर पर विभिन्न आचार्य/आचार्याओं ने भी अपने-अपने विषयों पर विचार प्रस्तुत किए और माताओं को बालकों के शैक्षिक एवं नैतिक विकास के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राजहंस शर्मा ने विद्या भारती की कार्यपद्धति एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए माताओं को संगठन की विचारधारा से अवगत कराया।

## राहत : सपाईयों पर दर्ज हुई एफआईआर खत्म करने के हुए आदेश



एनएनआई

**आगरा।** रिंग रोड स्थित रहनकलां टोल प्लाजा पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर दर्ज की गई एफआईआर को लेकर आज एक प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह अन्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

पुलिस कमिश्नर ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए निष्पक्ष विचार किया और संबंधित एफआईआर को खत्म करने के आदेश दिए। इस फैसले से कार्यकताओं में राहत है, लेकिन यह भी साफ हो गया कि शुरूआत में की गई कार्रवाई जल्दबाजी और दबाव में हुई थी। बताते चलें कि रहनकलां टोल प्लाजा पर प्रदर्शन के दौरान जिन लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई थी, उनमें मुख्य रूप से मधुकर अरोड़ा, देवेंद्र यादव, लाला गुर्जर, नितिन वर्मा, भरत सिंह, संतोष पाल सहित 15-20 अज्ञात कार्यकर्ता शामिल थे।

महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने तीखा बयान देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी हर अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में जनता की आवाज को दबाने की कोशिश की गई, तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

इस दौरान मुख्य रूप से राहुल चतुर्वेदी, सचिन चतुर्वेदी, मधुकर अरोड़ा, जमील खान, राहुल चौधरी, समीर अब्बास, नरेंद्र सिंह नंद, राजीव सविता, मोनिका नाज खान, गुड्डी भारती, भरत सिंह, फईम, ऊदल सिंह जाटव, मुजाहिद कुरैशी, तेजू यादव, एहतराम जाफरी, नदीम, हसीन, फैजान उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन के सोशल मीडिया प्रभारी बने प्रबल मित्तल



**आगरा (एनएनआई)।** भारतीय किसान यूनियन (भानु), जिला आगरा द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इसी क्रम में प्रबल मित्तल को संगठन में सोशल मीडिया/मीडिया प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह (भानु जी), प्रदेश अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर एवं जिला अध्यक्ष शीतल सिंह भदौरिया की सहमति एवं मार्गदर्शन में किया गया है। संगठन को विश्वास है कि प्रबल मित्तल अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सक्रियता एवं ईमानदारी के साथ करते हुए किसानों की आवाज को सोशल एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से मजबूती से उठाएंगे तथा संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



# शत-प्रतिशत बांटा जाए पुष्टाहार

## जिलाधिकारी ने जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जनपद में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार सेवाओं का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी महोदय ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर चलाई जा रही विभिन्न कार्यक्रम, योजनाओं तथा संचालित गतिविधियों की जानकारी तलब की, पोषण ट्रैकर पर ब्लॉकबाइज सैम - मैम बच्चों का विवरण बच्चों के वजन, लंबाई, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गृह भ्रमण, पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) की अद्यतन स्थिति, पोषण ट्रैकर पर डाटा फीडिंग, टीएचआर यूनिटों का संचालन एवं पुष्टाहार की आपूर्ति,वितरण व्यवस्था, केंद्रों पर उपलब्ध संसाधन,केंद्रों पर ईसीसी किट, प्री स्कूल किट की उपलब्धता, नवीन आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को प्रेरित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं की भूमिका अब केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें डिजिटल रूप से भी सक्षम बनाए जाने, स्मार्टफोन पर पोषण ट्रैकर ऐप संचालन, डेटा एंट्री,रॉकेट लर्निंग' मॉड्यूल व प्रथम संस्था के माध्यम से प्री-प्राइमरी शिक्षा को और अधिक रोचक बनाने, बच्चों की आयु के मानक अनुरूप उनके शारीरिक, मानसिक, भाषाई व गणितीय विकास के असेसमेंट हेतु प्रत्येक बच्चे का रिपोर्ट कार्ड बनाए जाने उस हेतु रिपोर्ट कार्ड प्रिंट करवाने तत्पश्चात रॉकेट लर्निंग मॉड्यूल व प्रथम संस्था के माध्यम से केंद्रों पर कराई जाने वाली अधिगम क्रियाएं व एक्टिविटी प्लान तैयार कर बच्चों के बौद्धिक,शारीरिक,भाषाई व गणितीय विकास पर कार्य किया जाए तथा प्राप्त परिणामों का रिकॉर्ड रखा जाए।

जिलाधिकारी ने जनपद में सैम-मैम (गंभीर तीव्र कुपोषित-मध्यम तीव्र कुपोषित) बच्चों की समीक्षा की जिसमें पाया गया कि आगरा शहर में सर्वाधिक 338 सैम बच्चे, ब्लॉक एत्मादपुर में 181, बिचपुरी में 162, खंदौली में 111 एवं ब्लॉक सैंया में 108 बच्चे सैम श्रेणी में हैं जिलाधिकारी ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी संबंधित सीडीपीओ से जवाब तलब तथा किए गए प्रयासों की जानकारी ली गई, जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को इन ब्लॉकों में जाकर उपरोक्त डाटा की सत्यता जांचने, सही मिलने पर प्रभावी कार्यवाही करने तथा सभी से आंगनवाड़ी व सेविका के साथ फील्ड विजिट कर 10- 10 सैम बच्चे चिह्नित कर फाइंडिंग रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज मौर्य, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आनंद कुमार सिंह,डिप्टी सीएमओ डॉ सुरेंद्र मोहन प्रजापति, डीसी एनआरएलएम श्री राजन राय सहित सभी सीडीपीओ व रॉकेट लर्निंग एवं प्रथम संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राहुल चतुर्वेदी बनाए गए सपा के प्रदेश सचिव

एनएनआई



**आगरा।** समाजवादी राजनीति से जुड़े नेता राहुल चतुर्वेदी को पार्टी ने प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। करीब ढाई दशक से संगठन में सक्रिय चतुर्वेदी का कामकाज मुख्य रूप से युवा संगठन और महानगर स्तर पर रहा है।

चतुर्वेदी ने 1998 से 2005 तक मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, आगरा में महानगर अध्यक्ष के रूप में काम किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने पर फोकस किया। इसके बाद 2005 से 2009 तक वे यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे, जहां उन्होंने 25 से अधिक जिलों में युवा सम्मेलन आयोजित कराए और अखिलेश यादव के कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार में भूमिका निभाई।

2009 से 2016 के बीच उन्होंने आगरा महानगर में समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष और महामंत्री के तौर पर काम किया। इस दौरान बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का दावा किया जाता है। 2017 में चतुर्वेदी ने आगरा से मेयर पद का चुनाव सपा प्रत्याशी के रूप में लड़ा। चुनाव में उन्हें युवाओं और व्यापारियों का समर्थन मिला, हालांकि वे जीत हासिल नहीं कर सके।

पार्टी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, चतुर्वेदी ने अब तक 1000 से अधिक कार्यकताओं को संगठन से जोड़ा है। वे स्थानीय मुद्दों को लेकर पार्टी के आंदोलनों में भी शामिल रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान 2020-21 में उन्होंने करीब 2000 परिवारों तक राशन, ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाइयां पहुंचाने का दावा किया।

चतुर्वेदी परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा और ईद मिलन जैसे आयोजनों में भी सक्रिय रहे हैं, जिनमें पार्टी की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

# अहिंसा द ग्रैंड ग्रीन वैली में हुआ विहसंत भवन का लोकार्पण



एनएनआई

**आगरा।** फतेहाबाद रोड स्थित अहिंसा द ग्रैंड ग्रीन वैली परिसर में बुधवार को विहसंत भवन का भव्य लोकार्पण समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः पंडित सौरभ जैन शास्त्री के निर्देशन में विधि- विधान पूर्वक वास्तु पूजन एवं वास्तु विधान से हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके पश्चात परम पूज्य उपाध्याय श्री विहसंत सागर मुनिराज ने अपने मंगल उद्बोधन में विहसंत भवन के निर्माण की प्रेरणा, उद्देश्य और समाजहित में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह भवन आने वाले समय में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा और समाज को नई दिशा प्रदान करेगा।कार्यक्रम के अगले चरण में विहसंत भवन का विधिवत लोकार्पण रोहित जैन ह्यअहिंसाह्व द्वारा फीता खोलकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया। समारोह में बाहर से पधारे अतिथियों का आयोजक द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर रोहित जैन अंहिसा,रचित जैन राहुल जैन अंहिसा, जगदीश प्रसाद जैन,संजय गुप्ता,जितेंद्र यादव, विजय चौहान, हीरालाल राजपूत, पप्पू यादव, राजू सिंह, रणवीर यादव,सुवेंद्र सिंह मृत्युंजय सिंह, पारस जैन, शैलेन्द्र जैन, अजीत जैन, यशपाल जैन, अनंत जैन इंद्रप्रकाश जैन, अंशुल जैन अंकुश जैन,राजू जैन गोधा, सुरेंद्र कुमार जैन समस्त आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेंट कॉनराड्स के छात्रों ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में गाड़े झंडे

एनएनआई



**आगरा।** ताजनगरी के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान 'सेंट कॉनराड्स इंटर कॉलेज' के होनहारों ने आईसीएसई 10वीं की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित हुए परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक अर्जित कर न केवल अपने स्कूल का गौरव बढ़ाया, बल्कि शहर का नाम भी रोशन किया है। परिणाम आने के बाद से ही स्कूल परिसर से लेकर छात्रों के घरों तक उत्सव और उल्लास का माहौल देखा जा रहा है।

सफलता की इस लिस्ट में मिमांस गुप्ता ने 92.6 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान बनाया है। वहीं, हिमांशु बोकावाड़िया ने भी अपनी कड़ी मेहनत के दम पर 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सबको गौरवान्वित किया है।

मेधावियों की इस कड़ी में मनन चुंग ने भी 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी श्रेष्ठता साबित की। इन तीनों ही छात्रों के प्रदर्शन ने यह स्पष्ट कर दिया कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है।

विद्यार्थियों की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाई बांटकर अपनी खुशी साझा की। स्कूल प्रशासन ने मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि अनुशासन, निरंतर अध्ययन और शिक्षकों के प्रति समर्पण ही इस सफलता की असली कुंजी है।

अपनी कामयाबी से उत्साहित छात्रों ने इस विशेष उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने माता-पिता के अटूट विश्वास और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। ताजनगरी के इन मेधावियों की सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# लोहामंडी क्षेत्र में बन रहा अत्याधुनिक महिला छात्रावास

एनएनआई

- 13.45 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा चार मंजिला 128 बेड का हॉस्टल
- सीसीटीवी, महिला गार्ड और बायोमेट्रिक एंट्री जैसी सुविधाओं से होगा लैस
- किफायती और सुरक्षित आवास से कामकाजी महिलाओं के स्वावलंबन को मिलेगी उड़ान

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं के स्वावलंबन, सुरक्षा और सम्मान के लिए निरंतर प्रयासरत है। मिशन शक्ति को धरातल पर उतारते हुए ताजनगरी आगरा में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए महिला छात्रावास' का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। यह आधुनिक छात्रावास दूसरे शहरों या ग्रामीण क्षेत्रों से आगरा आकर नौकरी करने वाली महिलाओं के लिए एक बड़ा वरदान साबित होने वाला है। शहरी विस्तार और बढ़ते औद्योगिक निवेश के कारण यहां कामकाजी महिलाओं की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसी जरूरत को समझते हुए योगी सरकार ने शहर के मध्य लोहामंडी क्षेत्र में नगर निगम के लोहामंडी जोनल कार्यालय परिसर में महिला छात्रावास की नींव रखी है। 13.45 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से 2506 वर्ग मीटर में चार मंजिला भवन (एस 4) का निर्माण किया जा रहा है। 128 बेड की क्षमता वाले इस कॉम्प्लेक्स में करीब 64 कमरे, 03 मेडिकल रूम, ऑफिस, लिफ्ट, मॉड्यूलर किचन, टॉयलेट और पोर्च जैसी बेहतरीन सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन है कि प्रदेश की हर बेटी और महिला खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करे। इसी को ध्यान में रखते हुए छात्रावास में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। अक्सर कामकाजी महिलाओं को निजी पीजी या किराए के कमरों में सुरक्षा की चिंता सताती है।

# अवैध खनन पर चला पुलिस का चाबुक



एनएनआई

**अछनेरा।** क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं के विरुद्ध अछनेरा पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। कुकथला चौकी क्षेत्र के अंतर्गत लंबे समय से चल रहे अवैध मिट्टी खनन की शिकायतों के बाद थाना अछनेरा पुलिस ने देर रात सहाई गांव के खेतों में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक पटा मशीन और मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर माफिया व अन्य ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे। आपको बता दें कि कुकथला चौकी क्षेत्र के रायभा, कठवारी और सहाई जैसे गांवों में खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध कार्य को अंजाम दे रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने पूर्व में कई बार पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे कि पुलिस की नाक के नीचे दर्जनों ट्रैक्टरों से रात-दिन मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। जिससे सरकारी राजस्व को चूना लगने के साथ-साथ पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सहाई गांव के खेतों में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही अछनेरा थाना पुलिस ने पूरी तैयारी के साथ घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई। खनन में जुटे करीब एक दर्जन ट्रैक्टर चालक अपने वाहनों को लेकर खेतों के रास्ते फरार हो गए।

पुलिस ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और खुदाई में प्रयुक्त होने वाली पटा मशीन जप्त कर ली। सहाई गांव से एक ट्रैक्टर और पटा मशीन जब्त की गई है। फरार माफियाओं की पहचान की जा रही है जल्द ही उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बाह में नवागत एसडीएम ने ग्रहण किया कार्यभार

**बाह** एनएनआई। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय विनोद कुमार को एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह ने बाह के एसडीएम के रूप में नियुक्त किया है। बुधवार को बाह पहुंचे नवागत एसडीएम विनोद कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला एक माह के प्रशिक्षण के लिए लखनऊ भेजे गये हैं। उनके रिक्त स्थान पर नियुक्त किए गये विनोद कुमार के सामने बाह तहसील का ढर्रा सुधारने की कठिन चुनौती होगी। लेखपालों के लंबित भुगतान की मांग, किसानों के खतौनी के अंश एवं नाम संसोधन, ठियाबंदी और दाखिल खारिज की लंबित पत्रावलियों के निपटारे की चुनौती से जूझना पड़ेगा।





## यमुना के बीहड़ से लकड़ी का कटान, रेंजर बोले कराएंगे जांच

**बाह** एनएनआई। यमुना के बीहड़ से लकड़ी के अवैध कटान की तस्वीरें सामने आई हैं। बिक्रमपुर और चौरंगाबीहड़ के बीच के यमुना के बीहड़ से लकड़ी के कटान की तस्वीरें सामने आई हैं। जिसमें पेड़ों के कटान की लकड़ी पड़ी हुई हैं। पेड़ की पिंडी से लेकर शाखाओं तक की लकड़ी साफ दिख रही हैं। आस पास हरी झाड़ियां और पेड़ दिख रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो संविदा पर लगाए गये कैटल गार्ड की मिली भगत से लकड़ी का कटान हो रहा है। इससे पहले बुढ़ैरा के बीहड़ में भी कटान की तस्वीरें सामने आई थी। जैतपुर के रेंजर कोमल सिंह ने बताया कि कटान का मामला संज्ञान में नहीं है, जांच कराएंगे, दोषियों पर कार्यवाही होगी।

## मंदिर परिसर में लगे कई पीतल के घंटे चोरी

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुरा की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में लगे कई पीतल के घंटे एवं अन्य सामान चोरों ने चोरी कर लिया गया है। अमर सिंह प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मई की रात्रि अज्ञात चोर उसके मंदिर परिसर से पीतल के कई घंटे और अन्य सामान चोरी कर ले गए।

तहरीर के अनुसार, बताया कि पुजारी मंदिर की देखरेख करता है। घटना के समय वह कुछ देर के लिए बाहर गया हुआ था।

विगत दिनों गांव के ही प्रेमसिंह की तीन बकरियों को भी चोरी किया जा चुका है।

पीड़ित ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सूखे पड़े तालाबों में भरा जाए पानी, सफाई की भी मांग

- ओवरफ्लो तालाबों की हो सफाई, भाकियू ज्ञापन सौंप कर उठाई मांग



**बाह** एनएनआई। अधिकांश अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) ने बुधवार को बाह के प्रभारी बीडीओ दिलीप कुमार को सौंपे गये ज्ञापन में सूखे पड़े तालाबों में पानी भरवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के ओवरफ्लो तालाबों की सफाई एवं जल निकासी की मांग भी भाकियू ने उठाई है। युवा इकाई के जिलाध्यक्ष मोनू शर्मा ने बताया कि बाह के एक दर्जन से ज्यादा तालाब ओवरफ्लो होने की बजह से गलियों तक पानी भरा है। बारिश से पहले तालाबों की सफाई के साथ जल निकासी हो, जिससे बरसात में घरों में पानी भरने की नौबत न आए। समय रहते तालाबों की तली झाड़ सफाई कर जल भराव के खतरे को टालने के लिए ठोस नीति बनाकर तालाब साफ होने चाहिए। भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल राजपूत की अध्यक्षता में ब्लॉक मुख्यालय बाह पर भाकियू कार्यकर्ता पहुंचे। बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रभारी बीडीओ दिलीप कुमार को ज्ञापन सौंप कर विकास खंड के सूखे पड़े तालाबों की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान वीरेन्द्र सिंह तोमर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अरविंद शर्मा, आकाश भदौरिया, शिवाजीत कुशवाह, अरविंद सिंह गहलौत, संदीप यादव, रामकरन सिंह, विश्वनाथ बघेल, प्रताप सिंह, रामनाथ सिंह, हरिश्चन्द्र, रामज्ञान सिंह, काशीराम, श्रीकृष्ण, टीकाराम, रिषी कुमार, जितेन्द्र, राम महेश, अजय, देवांश, डॉ. राधेश्याम, शैलेश कुमार, राहुल सिंह, पिंकू भदौरिया आदि रहे।

## जरारी मोड़ पर अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, दो युवक घायल

एनएनआई

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद क्षेत्र के रिहावली-फतेहाबाद मार्ग स्थित जरारी मोड़ के पास बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत सहायता के लिए दौड़ पड़े।





प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवीर पुत्र पप्पू लाल निवासी सिलावली तथा अवनेश पुत्र मुकट सिंह निवासी नगला मावई एक ही बाइक पर सवार होकर फतेहाबाद अपनी मोबाइल दुकान पर जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे ही दोनों युवक जरारी मोड़ के पास पहुंचे, तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसा इतना तेज था कि दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं।

घटना को देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को संभाला। ग्रामीणों द्वारा तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

हादसे के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जरारी मोड़ काफी खतरनाक है और यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। मोड़ पर सड़क संकरी होने, तेज रफ्तार वाहनों और फिसलन के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।

## गुलिस्तां पार्किंग के पास बाइक की टक्कर, तीन घायल

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। बुधवार दोपहर गुलिस्तां पार्किंग के समीप हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आगरा गेट की ओर से आ रहे बाइक सवार सुमित पुत्र पप्पू व लखन पुत्र पप्पू निवासी लाल दरवाजा बाजार की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान गुलिस्तां पार्किंग के पास नगर रोड निवासी सोनू पुत्र किशन सड़क पार कर रहा था। अचानक सामने आने पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और सोनू को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों घायल हो गए।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## संपादकीय

# इतने भर से ही कांग्रेस खुश

लोकसभा के चुनावों में कांग्रेस लगातार तीन बार से हार रही है और राज्यों में तो लगातार कांग्रेस की हार होती रहती है।राहुल गांधी के ऊपर चुनाव नतीजों का कोई फर्क नहीं पड़ता है। पांच राज्यों के चुनाव में भी राहुल गांधी का रवैया कुछ ऐसा ही रहा तभी उन्होंने हर जगह आधे अधूरे तरीके से प्रचार किया और कांग्रेस ने उसी अंदाज में चुनाव लड़ा। फिर भी कांग्रेस के नेता खुश हैं और राहुल गांधी भी खुश बताए जा रहे हैं। कांग्रेस में इस बात की खुशी है कि राज्यों के प्रादेशिक क्षत्रप कमजोर हो रहे हैं। कांग्रेस के वोट आधार पर राजनीति करने वाले प्रादेशिक क्षत्रपों को इस चुनाव में झटका लगा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस हारी हैं तो तमिलनाडु में एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। हालांकि डीएमके और कांग्रेस तालमेल करके चुनाव लड़े थे। लेकिन कांग्रेस के प्रदेश के नेता लगातार पांच साल तक डीएमके से लड़ते ही रहे थे।कांग्रेस के लिए खुशी की दूसरी बात यह है कि केरल में उसके नेतृत्व में यूडीएफ को बड़ी जीत मिली है। इस तरह केरल चौथा राज्य बन रहा है, जहां कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनेगा। यह स्थिति अगले साल के अंत तक रहेगी, जब तक हिमाचल प्रदेश का चुनाव नहीं आ जाता है। कांग्रेस के तीन से बढ़ कर चार राज्यों में सरकार में आने से पार्टी को संजीवनी मिली है। भाजपा इस बात के प्रयास कर रही थी कि केरल में कांग्रेस न जीत पाए और लेफ्ट को लगातार तीसरी बार सत्ता मिल जाए। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। तमिलनाडु में विपक्षी गठबंधन की सरकार थी लेकिन डीएमके ने कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को सरकार से बाहर रखा था। इसलिए, तकनीकी रूप से वहां सरकार में होने का कांग्रेस को कोई लाभ नहीं था। अब कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के बाद केरल में कांग्रेस की सरकार बन रही है और तमिलनाडु में विजय की सरकार में शामिल हो सकती है।गौरतलब है कि राहुल गांधी पश्चिम बंगाल में अपील करके आए थे कि लोग ममता बनर्जी की पार्टी को हराएं क्योंकि उनकी वजह से राज्य में भाजपा के प्रवेश का रास्ता बना है और अब ममता बनर्जी की पार्टी चुनाव हार गई है। कांग्रेस के नेता मान रहे हैं कि बंगाल में ममता बनर्जी का हारना कांग्रेस के लिए संभावनाओं का रास्ता खोल सकता है।बंगाल में राजनीति हमेशा दो ध्रुवीय रही है। पहले कांग्रेस और वाम मोर्चा था। जब वाम मोर्चा जीता तो कांग्रेस साफ हो गई। इसके बाद वाम मोर्चा और तृणमूल कांग्रेस रहे। जब तृणमूल कांग्रेस जीती तो वाम मोर्चे का सफाया हो गया। अब भाजपा आई है तो माना जा रहा है कि तृणमूल कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। इससे कांग्रेस की वापसी का रास्ता बनेगा।भाजपा के मुकाबले कांग्रेस एक ताकत के तौर पर उभर सकती है। कांग्रेस को ऐसी ही उम्मीद तमिलनाडु में भी है। तमिलनाडु में द्रविडियन राजनीति को झटका लगा है। दशकों बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि डीएमके और अन्ना डीएमके दोनों हारे हैं और एक तीसरी ताकत का उदय हुआ है। फिल्मस्टार विजय ने पहले ही चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। अगर द्रविड राजनीति कमजोर होती है तो कांग्रेस इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगी और निश्चित रूप से भाजपा भी इसका प्रयास करेगी। तभी विपक्ष के लिए भले बुरी खबर है कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में उनकी सरकार चली गई है लेकिन कांग्रेस के लोग इसे अच्छा मान रहे हैं कि दो राज्यों में पार्टी को आधार बढ़ाने का मौका मिलेगा और केरल में उनकी सरकार आई है ।केरल में कांग्रेस का मुख्यमंत्री राहुल गांधी तय करेंगे। उनकी सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने पहले कहा था कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ चुनाव जीतता है तो मौजूदा नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। मुस्लिम लीग ने यह भी कहा था कि उसका समर्थन सतीशन को मिलेगा। ?ह नतीजों से पहले की बात थी, जब सारे एक्जिट पोल में कहा जा रहा था कि केरल में नजदीकी मुकाबला होगा। ऐसा लग रहा था कि मुस्लिम लीग के बगैर यूडीएफ की सरकार नहीं बन पाएगी। लेकिन अब स्थिति ऐसी नहीं है।केरल के चुनाव नतीजों में यूडीएफ को बहुत बड़ा बहुमत मिला है। गठबंधन ने एक सौ से ज्यादा सीटें जीती हैं। कांग्रेस पार्टी ने अकेले बहुमत के लिए जरूरी 71 सीट का आंकड़ा पार कर लिया है। इसलिए अब मुख्यमंत्री बनाने में मुस्लिम लीग की बात का ध्यान रखने की मजबूरी कांग्रेस की नहीं होगी। हालांकि मुस्लिम लीग की बात सुनी जरूर जाएगी। सो, राहुल गांधी को नाम तय करना है तो वे किसका नाम तय करेंगे? क्या कांग्रेस के संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल मुख्यमंत्री बन कर जाएंगे? राहुल ने उनको राष्ट्रीय भूमिका के लिए सात साल से तैयार किया है। अब अचानक किसी नए व्यक्ति को संगठन महासचिव बनाना भी मुश्किल फैसला होगा। तभी रमेश चेन्निथला के नाम की भी चर्चा तेज हो गई। शशि थरूर पहले रेस से बाहर हो चुके हैं। ऐसा कहने वाले लोग भी हैं कि मुस्लिम लीग के नाम आगे करने से सतीशन की दावेदारी कमजोर हुई है।



# रखें खुद का भी ख्याल

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अच्छा लाइफस्टाइल और खानपान न होने की वजह से लोग अपनी सेहत का ख्लान नहीं रख पा रहे। लोग काम और जिम्मेदारियों के बोझ तले दब रहे है, जिसकी वजह से कम उम्र के लोग भी बीमारियों का शिकार हो रहे है। लेकिन, एक लंबी और अच्छी जिंदगी जीने के लिए हेल्दी रहना बहुत जरूरी है। इसलिए खुद का ख्याल रखें। अगर हर रोज सेल्फ केयर नहीं कर पा रहे तो आप वीकली सेल्फ केयर कर सकते है। आप हफ्ते में एक दिन खुद के लिए निकाले और खुद की केयर करें। इससे आप हेल्दी और हैपी रहेंगे। आज हम आपको कुछ वीकली सेल्फ केयर टिप्स देंगे, जिससे आप खुद का ख्याल रख सकतें है। चलिए जानते है सेल्फ केयर के कुछ मॉर्डन तरीकों...



**क्यों जरूरी है सेल्फ केयर**

सेल्फ केयर बहुत ही जरूरी है। ये सिर्फ खुद को अच्छा महसूस कराने तक सीमित नहीं है- यह आपके पूरे जीवन की क्वालिटी को बेहतर बनाने की बुनियाद है। अगर इसे नजरअंदाज किया जाए, तो धीरे-धीरे मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक थकान बढ़ने लगती है। लेकिन, सेल्फ केयर से आपकी मानसिक थकान दूर होती है जिससे आप रिफ्रेश फील करते है।

**सेल्फ केयर के तरीके**

अगर आप हर रोज सेल्फ केयर नहीं कर सकते तो आप नए ट्रेंड वीकली सेल्फ केयर डे को फॉलो कर सकते है। आप हफ्ते में एक दिन खुद के लिए निकाले और सेल्फ केयर करें। चलिए जानते है कुछ तरीके...

**तनाव को करें कम**

सबसे पहले, यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखता है। जब आप खुद के लिए समय निकालते हैं, चाहे वो आराम करना हो, ध्यान करना हो या कोई पसंदीदा काम तो तनाव कम होता है और दिमाग ज्यादा साफ तरीके से सोच पाता है। बिना सेल्फ-केयर के तनाव जमा होता जाता है और आगे चलकर एंग्जायटी या बर्नआउट जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इसलिए सेल्फ केयर डे पर इस तरीके से अपना ख्याल रख सकते है।

**डिजिटल डिटॉक्स**

वीकली सेल्फ केयर डे पर आप डिजिटल डिटॉक्स का तरीका अपनाएं। आप कुछ घंटों के लिए इसे फॉलो करें, इसके लिए आपको स्क्रीन से ब्रेक लेना है। आप कुछ घंटे फोन न चलाएं, सोशल मीडिया एप्स को बिल्कुल न ओपन करें। नेचर और रियल लाइफ में टाइम बिताएं, इससे आपकी आखों को भी स्कून मिलेगा और आपका दिमाग भी रिलैक्स हो जाएगा।



**सही और अच्छी नींद लें**

शारीरिक रूप से स्वास्थ्य रहने के लिए सही नींद, अच्छा खाना और नियमित एक्सरसाइज करें। ये सब सेल्फ-केयर का हिस्सा हैं। अगर आप इन्हें नजरअंदाज करते हैं, तो शरीर जल्दी थकने लगता है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**खुद को समय दें**

सेल्फ केयर से आप खुद को रिलैक्स, रिचार्ज और रिसैट कर सकते है। इसके लिए आप अपने आप के साथ समय बिताएं। हफ्ते में एक बार नहीं तो कम से कम 15 दिन में एक बार खुद को कुछ समय दे। इसमें आप अकेले बैठे, जो काम करना आपको अच्छा लगता है, वो काम करें। जैसे अकेले कैफे जाना, किताब पढ़ना, संगीत सुनना या जो भी आपकी हॉबी है और जिस काम को करने से आपकी खुशी मिलती है, आप वो काम करें।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया




## जान्हवी कपूर और शाहिद कपूर की नई रिलेशनशिप कॉमेडी फिल्म चर्चा में

बॉलीवुड में एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी को लेकर चर्चाएँ तेज हो गई हैं। खबर है कि जान्हवी कपूर और शाहिद कपूर जल्द ही एक रिलेशनशिप कॉमेडी फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट फिलहाल शुरूआती बातचीत के दौर में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म आधुनिक रिश्तों, भावनाओं और हल्के-फुल्के हास्य पर आधारित होगी। निमार्ता स्क्रिप्ट को युवाओं से जोड़ने के लिए इसे रिलेटेबल और मनोरंजक बनाने पर जोर दे रहे हैं। इससे पहले जान्हवी कपूर ने तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में कैमियो किया था, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म में शाहिद और जान्हवी की छोटी सी स्क्रीन उपस्थिति को दर्शकों ने पसंद किया था। इसके बाद से दोनों को साथ देखने की मांग बढ़ गई थी। सूत्रों के अनुसार, जान्हवी कपूर इस फिल्म के लिए मुख्य अभिनेत्री के तौर पर आगे की बातचीत कर रही हैं। वहीं शाहिद कपूर भी लंबे समय बाद कॉमेडी शैली में वापसी को लेकर उत्साहित बताए जा रहे हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में इस संभावित प्रोजेक्ट को लेकर सकारात्मक माहौल बताया जा रहा है। सामाजिक मीडिया पर भी दोनों कलाकारों की संभावित जोड़ी को लेकर प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है।



## अब आलोचना पर सोच-समझकर देती हूं प्रतिक्रिया- ईशा देओल

अभिनेत्री ईशा देओल ने मीडिया के बदलते दौर और अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि समय और अनुभव ने उन्हें सिखाया है कि हर आलोचना पर तुरंत प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं होता। ईशा देओल ने बताया कि उन्होंने अपने करियर में पत्रिका संस्कृति से लेकर आज के सामाजिक मीडिया दौर तक का बदलाव करीब से देखा है। उनके मुताबिक, पहले कलाकारों को लेकर पत्रिकाओं में काफी बातें लिखी जाती थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन आलोचनाओं को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। अभिनेत्री ने कहा कि वह बचपन से ही ऐसे माहौल में पली-बढ़ीं, क्योंकि उनके माता-पिता भी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रहे हैं। इसलिए उन्हें उस दौर की मीडिया संस्कृति से कभी परेशानी नहीं हुई। ईशा ने कहा कि अब सामाजिक मीडिया के दौर में चीजें बहुत तेजी से फैलती हैं, इसलिए प्रतिक्रिया देने से पहले सोच-विचार करना जरूरी हो गया है। उन्होंने माना कि उम्र और अनुभव ने उन्हें धैर्य रखना सिखाया है। उन्होंने यह भी कहा कि हर किसी को सफाई देना जरूरी नहीं होता। सबसे अहम बात यह है कि व्यक्ति अपने परिवार, करीबियों और खुद के प्रति ईमानदार रहे। उनके अनुसार, कई बार चुप रहना भी समझदारी होती है।



## 'सरके चुनर' विवाद में कल राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश होंगी नोरा फतेही

कन्नड़ फिल्म 'केडी द डेविल' के गाने 'सरके चुनर' को लेकर बढ़े विवाद के बीच अभिनेत्री नोरा फतेही गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पेश होंगी। आयोग ने इस मामले में उन्हें समन जारी किया था, जिसके बाद वह सुबह 11:30 बजे अपना पक्ष रखेंगी। गाने के बोल, वीडियो और प्रस्तुति को लेकर कई महिला संगठनों और सामाजिक समूहों ने आपत्ति जताई थी। शिकायतों में आरोप लगाया गया कि यह गीत महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। विवाद बढ़ने के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई तय की। सरके चुनर गाने में संजय दत्त भी नजर आए थे। गाने की रिलीज के बाद सामाजिक मीडिया पर इसकी जमकर आलोचना हुई और कई लोगों ने इसे अश्लील बताते हुए विरोध जताया। आयोग अब इस मामले में गाने के निर्माण, प्रस्तुति और कलाकारों की भूमिका से जुड़े पहलुओं पर चर्चा करेगा। इससे पहले संजय दत्त 27 अप्रैल को आयोग के सामने पेश हो चुके हैं। उन्होंने लिखित रूप में माफी मांगते हुए कहा था कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। सुनवाई के दौरान आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कलाकारों की सामाजिक जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। संजय दत्त ने इस दौरान 50 आदिवासी लड़कियों की पढ़ाई का खर्च उठाने की घोषणा भी की थी। वहीं, नोरा फतेही से गुरुवार की सुनवाई में गाने से जुड़े विवादित पहलुओं पर सवाल किए जा सकते हैं।

# पंजाब के खिलाफ हैदराबाद में लगातार नौवीं जीत

## कोनोली की मेहनत पर फिरा पानी, तालिका में बड़ा बदलाव

**हैदराबाद।** पंजाब किंग्स के खिलाफ राजीव गांधी स्टेडियम में लगातार नौवीं जीत के साथ सनराइजर्स हैदराबाद ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 235 रन बनाए।

जवाब में पंजाब की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 202 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। कूपर कोनोली ने इस मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।



### शीर्ष पर पहुंची हैदराबाद

हैदराबाद की इस जीत से अंक तालिका में बड़ा बदलाव हुआ है। 11 में सात मुकाबले जीतकर टीम 14 अंक और +0.737 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। वहीं, पंजाब किंग्स दूसरे पायदान पर है। तीसरे स्थान पर आरसीबी है और चौथे पायदान पर राजस्थान रॉयल्स मौजूद है। एक स्थान पर किसी एक टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने वाली हैदराबाद दूसरी टीम बन गई। उप्पल में टीम में 11 में से 10 मैच जीते हैं, जिनमें नौ बार हैदराबाद ने लगातार जीत दर्ज की।

### हैदराबाद की पारी

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 236 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। यह 8वीं बार है जब हैदराबाद ने पंजाब के खिलाफ 200+ स्कोर बनाया, जिससे उसने मुंबई इंडियंस की बराबरी कर ली, जिसने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ बार ऐसा किया है। हैदराबाद की पारी की शुरुआत बेहद तेज रही। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने सिर्फ 3.3 ओवर में 54 रन जोड़ दिए। अभिषेक ने 13 गेंदों पर 35 रन (4 छक्के, 2 चौके) ठोके, जबकि हेड ने 19 गेंदों में 38 रन बनाए। इसके बाद ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 88 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। ईशान ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि क्लासेन ने 43 गेंदों में 69 रन की आक्रामक पारी खेली। अंत में नितीश रेड्डी ने 13 गेंदों में नाबाद 29 रन बनाकर टीम को 236 तक पहुंचाया। इस पारी में हैदराबाद ने कुल 17 छक्के लगाए, जो पंजाब के खिलाफ उनका एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड है।

# नतीजे में हेरफेर की कोशिश, एएफसी ने महिला फुटबॉल अधिकारी समेत खिलाड़ी पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन (एएफसी) ने मंगोलिया की एक महिला मैच अधिकारी और एक खिलाड़ी पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंध लगा दिया है, जिन्हें एएफसी विमेंस चैंपियंस लीग 2025/26 (प्रारंभिक चरण) के एक मैच के नतीजे में हेरफेर की कोशिश करते पाया गया। बैन लगाने का यह फैसला एएफसी की अनुशासन और नैतिकता समिति ने लिया, जिसकी घोषणा बुधवार को हुई। एएफसी ने बुधवार को एक प्रेस रिलीज में बताया, 'विस्तृत जांच के बाद, एएफसी की अनुशासन और नैतिकता समिति ने मैच में हेरफेर की कोशिश के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मंगोलियाई फुटबॉल अधिकारी मुंखत्सेत्सेग बातखू और खिलाड़ी नामूना नारमंदख पर फुटबॉल से जुड़ी सभी गतिविधियों में हिस्सा लेने पर क्रमशः 10 और 5 साल का प्रतिबंध लगा दिया है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों को 25 अगस्त, 2025 को स्टैलियन लगुना एफसी (पीएचआई) और खोवद वेस्टर्न एफसी (एमएनजी) के बीच खेले गए एएफसी विमेंस चैंपियंस लीग 2025/26 (प्रारंभिक चरण) के मुकाबले के नतीजे में हेरफेर करने की साजिश रचने का दोषी पाया गया।

यह एएफसी के अनुशासन और नैतिकता संहिता के अनुच्छेद 66.1 का उल्लंघन था। ये प्रतिबंध एएफसी की किसी भी प्रकार के मैच में हेरफेर के खिलाफ 'जीरो-टॉलरेंस' नीति और एशियन फुटबॉल की गरिमा की रक्षा करने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करते हैं। ये प्रतिबंध इंटरनेशनल बेटिंग इंटीग्रिटी एसोसिएशन (आईबीआईए) के साथ हुए 4 साल के समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुरूप हैं। इस एमओयू पर 2024 में हस्ताक्षर किए गए थे, जो एशिया में इस खेल की रक्षा और सुरक्षा करने के एएफसी के संकल्प को दर्शाता है। यह अनुशासनात्मक कार्रवाई फीफा के मैच-फिक्सिंग के खिलाफ रुख के भी अनुरूप है।

# एशियाई खेलों से पहले भारतीय तीरंदाजी टीम को बड़ा झटका

## कोच पाग्नीनी ने थामा कोरिया का दामन

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों से पहले भारतीय तीरंदाजी टीम को बड़ा झटका लगा है। इटली के चर्चित कोच सर्जियो पाग्नीनी जिनके भारतीय कंपाउंड टीम से जुड़ने की चर्चा थी, अब कोरिया की टीम के साथ जुड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि बेहतर वेतन और प्रस्ताव मिलने के बाद उन्होंने भारत के बजाय कोरिया का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, कुछ महीने पहले तक यह लगभग तय माना जा रहा था कि पाग्नीनी भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी टीम को कोचिंग देंगे। उनका अनुबंध अंतिम चरण में था, लेकिन बाद में कोरिया ने अधिक आकर्षक ऑफर देकर उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। इससे भारतीय तीरंदाजी खेमे में निराशा का माहौल है। सूत्र बताते हैं कि 1999 के विश्व चैंपियन और 2003 के उपविजेता रहे डेव कजिंस इंटरव्यू भी दे चुके हैं और उनके अनुबंध पर अंतिम फैसला जल्द लिया जा सकता है। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि वह बेहतरीन खिलाड़ी जरूर रहे हैं, लेकिन शीर्ष स्तर पर कोचिंग का अनुभव सीमित है, जबकि भारतीय कंपाउंड टीम इस समय दुनिया की मजबूत टीमों में गिनी जाती है। भारतीय तीरंदाजी में केवल कंपाउंड ही नहीं, रिकर्व टीम के विदेशी कोच को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। पिछले वर्ष अमेरिकी कोच को अनुबंधित करने की तैयारी हुई थी, लेकिन शर्तों पर सहमति नहीं बन सकी। ऐसे में भारतीय टीमें बिना मुख्य विदेशी कोच के ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही हैं। 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में कंपाउंड तीरंदाजी को शामिल किए जाने के बाद भारत इस स्पर्धा को लेकर गंभीर तैयारी कर रहा है।

अमनप्रीत सिंहः आईपीएल के बीच एक दुखद घटना!

# विराट के साथी खिलाड़ी का निधन

## युवराज ने भी दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व क्रिकेटर अमनप्रीत सिंह गिल का 36 वर्ष की उम्र में चंडीगढ़ में निधन हो गया है। उनके निधन से घरेलू क्रिकेट जगत में दुख की लहर है। वह एक मिडियम पेसर थे। अमनप्रीत ने भारत के कई बड़े क्रिकेटरों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था और उन्हें पंजाब क्रिकेट का समर्पित और विनम्र खिलाड़ी माना जाता था।

### कोहली के साथ खेल चुके

अमनप्रीत सिंह ने 2007 में भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। उन्होंने भारत के लिए पांच यूथ वनडे और एक यूथ टेस्ट मैच खेला। लंबे फॉर्मेट में उन्होंने श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर थिसारा परेरा का विकेट भी लिया था। हालांकि, वह विराट कोहली की कप्तानी वाली उस भारतीय अंडर-19 टीम में जगह नहीं बना सके, जिसने 2008 में विश्व कप का खिताब जीता था।

### अमनप्रीत का करियर

अमनप्रीत ने अपने करियर में पंजाब की ओर से छह फर्स्ट क्लास मैच खेले। वह आईपीएल के पहले संस्करण में किंग्स इलेवन पंजाब का भी हिस्सा रहे थे। खेल से संन्यास के बाद भी वे क्रिकेट से जुड़े रहे और पंजाब सीनियर चयन समिति के सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन ने उनके निधन पर आधिकारिक बयान जारी कर शोक व्यक्त किया और पंजाब क्रिकेट में उनके लंबे योगदान को याद किया।

### पीसीए ने दी श्रद्धांजलि

पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन ने कहा कि अमनप्रीत ने समर्पण और जुनून के साथ पंजाब क्रिकेट की सेवा की थी और उन्होंने भारत अंडर-19, पंजाब टीम और किंग्स इलेवन पंजाब का प्रतिनिधित्व किया था। संस्था ने उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में ईश्वर उन्हें शक्ति दे। जानकारी के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार चंडीगढ़ के मनीमाजरा श्मशान घाट में किया जाएगा।

### युवराज ने दी श्रद्धांजलि

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी अपने पूर्व साथी और मित्र को श्रद्धांजलि दी। युवराज सिंह ने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा करते हुए गिल को शांत और मेहनती क्रिकेटर बताया, जिन्होंने खेल को बहुत प्यार किया। युवराज सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने शुरूआती क्रिकेट करियर में अमनप्रीत के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था और उनकी यादें हमेशा साथ रहेंगी। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और अमनप्रीत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# गुरुवार, 07 मई राशिफल

आज भाग्य और धर्म से जुड़े मामलों में रुचि बढ़ेगी। नई चीजें सीखने और समझने का मौका मिलेगा। आत्मविश्वास और ऊर्जा में बढ़ोतरी होगी। अंतरात्मा की आवाज पर भरोसा करना फायदेमंद रहेगा। करियर में ईमानदारी से किए काम सफल होंगे।

आज भावनात्मक गहराई और आत्मविश्लेषण बढ़ेगा। शुक्रदेव आपको स्थिरता और आत्मविश्वास देंगे। छिपे हुए मामलों को समझने का अवसर मिलेगा। रिश्तों में ईमानदारी और समझ जरूरी रहेगी। वित्तीय मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

आज पार्टनरशिप और सहयोग पर ध्यान रहेगा। रिश्तों में संतुलन और समझ बढ़ेगी। बोलने से ज्यादा सुनना लाभदायक रहेगा। टीम वर्क से सफलता मिलने के योग हैं। करियर में अनुशासन बनाए रखना जरूरी होगा। साझेदारी से बड़े लक्ष्य पूरे हो सकते हैं।

आज काम और सेहत पर फोकस बढ़ेगा। दैनिक दिनचर्या को व्यवस्थित करने का समय है। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। नई फिटनेस या हेल्थ रूटीन शुरू कर सकते हैं।काम में आपकी मेहनत की सराहना होगी। प्रैक्टिकल सोच से समस्याएं हल होंगी।

आज खुशियां और क्रिएटिविटी बढ़ी रहेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता और रोमांस बढ़ेगा। आपकी प्रतिभा लोगों को प्रभावित करेगी।बच्चों और परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। नई क्रिएटिव योजनाएं सफल हो सकती हैं। आत्मविश्वास और आकर्षण में वृद्धि होगी।

आज घर-परिवार और निजी जीवन पर ध्यान रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने से सुकून मिलेगा। घर की शांति आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। भावनात्मक संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। घर की सजावट या सुख-सुविधाओं पर खर्च हो सकता है।

आज संवाद और नेटवर्किंग में सफलता मिलेगी। छोटी यात्राओं से लाभ मिलने के संकेत हैं। नई जानकारी और अनुभव प्राप्त होंगे। सामाजिक संबंध मजबूत होंगे। अधूरे कार्य पूरे करने का सही समय है। आपकी कूटनीतिक क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी।

आज धन और आत्मसम्मान पर ध्यान रहेगा। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयास सफल होंगे। छोटी-छोटी उपलब्धियां आत्मविश्वास बढ़ाएंगी। वाणी में संयम रखना जरूरी होगा। परिवार का सहयोग आपके साथ बना रहेगा। भविष्य की सुरक्षा के लिए योजना बनाएं।

आज आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। नए प्रोजेक्ट की शुरूआत के लिए समय अच्छा है। व्यक्तित्व में आकर्षण और प्रभाव बढ़ेगा। अपनी इच्छाओं को पूरा करने का अवसर मिलेगा। दूसरों का सहयोग आसानी से प्राप्त होगा। नई जिम्मेदारियां संभालने का मौका मिल सकता है।

आज मन आध्यात्मिक और शांत रहेगा।पुरानी बातों को छोड़ने का सही समय है। आंतरिक हीलिंग और आत्मचिंतन से लाभ मिलेगा। एकांत में समय बिताना सुकून देगा। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें। भावनात्मक स्पष्टता मिलने के संकेत हैं।

आज सामाजिक संबंध और नेटवर्क मजबूत होंगे। दोस्तों और सहयोगियों से लाभ मिलेगा। नई योजनाओं को दिशा मिलने के योग हैं। सामूहिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। अचानक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। भविष्य की योजनाओं पर काम करने का समय है।

आज करियर और प्रतिष्ठा पर फोकस रहेगा। काम में नई पहचान मिलने की संभावना है।अधिकारियों से सहयोग प्राप्त होगा। आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। भविष्य की योजनाओं को नई दिशा मिलेगी। पब्लिक प्रेजेंटेशन या मीटिंग में सफलता मिलेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

जयपुर में गूंजा नाम

# गौरव धवन और चांदनी मोहित धवन की संस्थाओं को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान

- नेक्स्ट जेन आइकॉन अवार्ड में माधव व मन्नतें फाउंडेशन ने मारी बाजी
- सर्वश्रेष्ठ एनजीओ के लिए अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने किया सम्मानित



एनएनआई

**आगरा/जयपुर।** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में नेक्स्ट जेन आइकॉन अवार्ड 2026 में माधव फाउंडेशन व मन्नतें फाउंडेशन को सर्वश्रेष्ठ एनजीओ सम्मान से पुरुस्कृत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी से ये सम्मान मंच पर मन्नतें फाउंडेशन अध्यक्ष गौरव धवन ने ग्रहण किया। पूर्व में अभिनेता सोनू सूद, गुलशन ग्रोवर, राहुल रॉय, अभिनेत्री महिमा चौधरी, रिमी सेन, कायनात अरोरा, नेहा धूपिया, पूनम ढिल्लो सहित फिल्म जगत के कई दिगज्ज सितारों ने सम्मानित किया है। गौरव को भारत में कई सम्मान प्राप्त होने के साथ-साथ विदेशी धरती दुबई, मलेशिया, वियतनाम सहित विश्व स्तरीय मंचो पर सम्मानित किया जा चुका है। दोनों संस्थाओ के मुख्य संरक्षक प्रमुख उद्योगपति एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विजय किशोर बंसल ने माधव फाउंडेशन व मन्नतें फाउंडेशन के दोनों अध्यक्ष चांदनी मोहित धवन व गौरव धवन को इस सम्मान पर शुभकामनायें दी और निरंतर आगे बढ़ने के लिए सदैव सकारात्मक लोगो की संगती में रहने का मार्गदर्शन दिया। भारत के महारथी अवार्ड-2023 व लॉर्ड बेडेन पॉवेल राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 जैसे बड़े सम्मान से सम्मानित गौरव धवन ने अपने शुभचिंतको को यह सम्मान मिलने पर आभार व्यक्त किया।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर व्यापारियों ने किया मिष्ठान्न वितरण

**टीएमसी का सफाया करने की खुशी में ढोल नगाड़ों के साथ की खुशी जाहिर**



एनएनआई

**आगरा।** नूरी दरवाजा स्थित भगत सिंह चौक पर शहर के प्रमुख व्यवसायियों द्वारा बंगाल में अराजकता की समाप्ति ,आतंकवादी गतिविधियों को नेस्तनाबूद करने के लिए बंगाल की जनता द्वारा टी एम सी का सफाया करने की खुशी में ढोल नगाड़ों के साथ रसगुल्ला एवं पेठा वितरण कर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम की शुरूआत सरदार भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर एवं इंकलाब जिंदाबाद,भगत सिंह अमर रहे,भारत माता की जय आदि जयकारे लगाकर किया गया। सभी राहगीरों को बंगाल के प्रसिद्ध रसगुल्ले,एवं आगरा की विश्वप्रसिद्ध पेठे की मिठास से खुशी बांटी गई। कार्यक्रम संयोजक कैट व्यापारिक संगठन जिला आगरा अध्यक्ष रोहित कत्याल ने कहा कि देश तो 1947 में आजाद हो गया, लेकिन बंगाल को आजादी को जा कर मिल पाई है।बंगाल में अब केंद्र सरकार सभी सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंच पाएगा। पेठा व्यवसाई राजेश अग्रवाल ने कहा कि ममता बनर्जी की विदाई के बाद आज बंगाल में महिलाओ की सुरक्षा और उनके स्वाभिमान की रक्षा होगी।

बंगाल आतंकवाद से अलगाववाद और तुष्टिकरण से निजात पाएगा। आगरा पेठा एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,कैट आगरा जिला अध्यक्ष रोहित कत्याल, विश्वनाथ जुनेजा, सोनू कक्कड़, संजय ढींगरा, महेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, महावीर मंगल, सुंदर लाल चेतवानी, राहुल शर्मा, वरुण ग्रोवर, अनूप बंसल, अशोक लालवानी, दीपक चंदेल, जयदार सिंह जुल्का, श्रीमती मंजू गुप्ता, डॉक्टर निधि शर्मा, अंजू गर्ग, कुमकुम उपाध्याय, माधुरी माहोर आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों में एलर्जिक रोगों के निदान पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन



- आईएपी के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस मिड टर्म पीईडी ऑल ईआर कॉन-2026 का उद्घाटन
- अस्थमा सहित एलर्जिक रोगों पर कॉन्फ्रेंस में पैनल डिस्कशन, टॉक और होगी डिबेट

एनएनआई

**आगरा।** वर्तमान में बच्चों में एलर्जी संबंधित विभिन्न रोगों की शिकायतों में निरंतर वृद्धि हुई है। जिसमें सांस, पेट और त्वचा संबंधित एलर्जिक रोग प्रमुख हैं। एलर्जिक रोगों के कारण, बचाव और उपचार पर मंथन करने के लिए देशभर के बाल रोग विशेषज्ञ ताजनगरी में एकत्र हो रहे हैं। अस्थमा सहित एलर्जिक रोगों पर कॉन्फ्रेंस में पैनल डिस्कशन, टॉक और डिबेट होगी। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स आगरा के तत्वाधान में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस मिड टर्म पीईडी ऑल ईआर कॉन-2026 का आयोजन नौ और 10 मई को हरीपर्वत स्थित होटल होलीडे इन में किया जा रहा है।

कॉन्फ्रेंस के संदर्भ में जानकारी देने के लिए बुधवार को होटल भवना क्लार्क इन में आयोजन समिति द्वारा पोस्टर विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। पोस्टर का विमोचन चीफ ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. आरएन द्विवेदी, डॉ. प्रदीप चावला, आईएपी आगरा के अध्यक्ष डॉ. संजीव अग्रवाल ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. राहुल पैंगोरिया, फाइनेंस सेक्रेटरी डॉ. स्वाति द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर चीफ ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. आरएन द्विवेदी और ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. राहुल पैंगोरिया ने बताया कि बच्चों में एलर्जिक रोगों की शिकायतों में निरंतर इजाफा हो रहा है। इन एलर्जिक रोगों के निदान और आधुनिक चिकित्सा प्रणाली पर चर्चा करने के लिए देशभर के बाल रोग विशेषज्ञ आईएपी आगरा के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस मिड टर्म पीईडी ऑल ईआर कॉन-2026 में आगरा पहुंच रहे हैं। पोस्टर विमोचन समारोह में डॉ. राजीव कृषक, डॉ. आर एन शर्मा, डॉ. राकेश भाटिया, डॉ. संजय सक्सेना, डॉ. अरुण जैन, डॉ. नीरज यादव, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सोनिया भट्ट, डॉ. अश्वनी यादव, डॉ. अतुल बंसल, डॉ. अभिषेक गुप्ता मौजूद रहे।

